

# मंज़िल

औद्योगिक मांग के अनुसार व्यावसायिक और जीवन कौशल प्रशिक्षण के जरिए लड़कियों का सशक्तिकरण

**Manzil...** *Aspire to Achieve*

“कम उम्र में शादी व बच्चे हो जाने की स्थिति में लड़कियों की स्कूली शिक्षा बाधित हो सकती है. उनका सामाजिक अलगाव हो सकता है और प्रशिक्षण के अवसरों व नौकरी तक पहुँचने के अवसर सीमित हो सकते हैं.”

International Labour Organization and United Nations Children’s Fund, Girl Force: Skills, Education and Training for Girls Now, ILO and UNICEF, Geneva and New York, 2018.

# पृष्ठभूमि

राजस्थान के ग्रामीण हिस्सों में रहने वाली लगभग आधी (41%) लड़कियां, 18 साल की उम्र पूरी करने से पहले ही ब्याह दी जाती हैं।

भारत में केवल 48% महिलाएं ही अकेले अपने गाँव से बाहर जा सकती हैं। कम बाहर निकलने (अनुमति नहीं मिलती) व सामाजिक पाबंदियों की वजह से महिलाओं के लिए रोजगार के मौके काफी सीमित हो जाते हैं।

राजस्थान में कोविड की वजह से हर तीन में से एक महिला ने अपनी आजीविका खोयी, जो उन्हें अब तक दोबारा वापस नहीं मिली।

युवा लड़कियों को व्यावसायिक और जीवन कौशल का प्रशिक्षण मिलने से उनके रोज़गार के अवसर बढ़ते हैं। और वे समाज में अपनी भूमिका को और मज़बूत बना सकती हैं।

रोज़गार कौशल और लैंगिक जागरुकता से युवा लड़कियों की कम उम्र में विवाह की संभावना 23% तक घट जाती है और उनके आजीविका कमाने के मौके 33% तक बढ़ जाते हैं।

यदि भारत की 50% महिला आबादी कामकाजी समूह का हिस्सा बन जाए, तो भारत के विकास की दर में प्रति वर्ष 1-5% से 9% तक का इज़ाफा हो सकता है।




1&2 International Institute for Population Sciences (IIPS) and ICF. 2017. *National Family Health Survey (NFHS-4)*, 2015-16: India. Mumbai: IIPS.
3 India Working Survey 2020
4 Population Council, 2016, *Delaying Child Marriage through Community based Skills - Development Programs for Girls*
5 The World Bank, 2018, *Women in India's Economic Growth*

# मंज़िल

मंज़िल एक पंचवर्षीय (2019-2024) परियोजना है, जिसे चिल्ड्रेन्स इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन और IPE ग्लोबल द्वारा क्रियान्वित किया गया है। मंज़िल का उद्देश्य है 14 - 21 वर्षीय लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण कौशल शिक्षा और रोजगार के मौके उपलब्ध करवाकर उन्हें सक्षम बनाना। इस परियोजना का उद्देश्य है युवा लड़कियों को सशक्त बनाना ताकि वे अपने जीवन के फैसले स्वयं ले सकें, खासकर शादी और बच्चे के जन्म को लेकर।




## हमारी पहुंच




| 6 जिले | 1000 गांव | 182 स्कूल |
|---|---|---|

# उद्देश्य

## स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियां


- स्कूल जाने वाली 90,000 लड़कियों को औद्योगिक मांग के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण
- 33,500 लड़कियों के लिए अप्रेंटिसशिप और आमदनी के अवसर

## स्कूल ना जा पाने वाली लड़कियां

- स्कूल ना जा पाने वाली 40000 लड़कियों के लिए कौशल प्रशिक्षण
- स्कूल ना जा पाने वाली 18000 लड़कियों के लिए नौकरी और कमाई के अवसर

# पूरे होंगे लड़कियों के सपने

## मंज़िल ऐप्लिकेशन (MAP)




2020 में लॉन्च की गई मन्ज़िल ऐप (मैप) एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो लड़कियों, ट्रेनिंग पार्टनर्स और स्थानीय नियोक्ताओं को एक साथ जोड़ता है।

### ऐप्लिकेशन की प्रमुख विशेषताएं

- स्कूल जाने वाली और स्कूल न जा पाने वाली लड़कियों के रजिस्ट्रेशन की सुविधा
- लड़कियों की आकांक्षाओं के अनुसार उनके लिए  कौशल और नौकरी की पहचान करना
- नियोक्ताओं की पहचान कर उन्हें प्लेटफॉर्म पर लाना
- नियोक्ताओं का जेन्डर ऑडिट करना
- कौशल केंद्र, कोर्सेस, और लड़कियों के लिए जॉब काउंसलिंग की रियल टाइम जानकारी
- सभी कौशल केंद्रों और व्यावसायिक स्कूलों की लोकेशन दिखाने वाला जियो मैप

# लड़कियों को सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए तैयार करना



ड्रॉप आउट व विद्यालय जाने वाली लड़कियों तक पहुंचना



मंज़िल मोबाइल ऐप (MAP) के ज़रिए लड़कियों को उनकी योग्यता के मुताबिक सबसे उपयुक्त कोर्स की पहचान करके उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करना



नवयुवतियों, उनके परिवारों और प्रमुख भागीदारों की काउंसलिंग करके उन्हें, लड़कियों के कौशल विकास और उनकी आर्थिक आत्मनिरभरता के बारे में जागरुक करना



योग्य और महत्वाकांक्षी लड़कियों का निजी और सरकारी कौशल केंद्रों में एडमिशन कराने में मदद करना



लड़कियों को उनका कोर्स पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करके उन्हें नौकरी के लिए तैयार करना और रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों के मुताबिक उन्हें प्रशिक्षित करना



औद्योगिक मांग और लड़कियों की आकांक्षा के अनुसार उन्हें नियोक्ताओं से जोड़ना और रोजगार प्राप्त करने में उनकी मदद करना

# हमारी टीम

मंज़िल को गर्व है कि हमारी टीम में महिलाओं का वर्चस्व है। जिला और प्रांतीय स्तर के कर्मी यह सुनिश्चित करते हैं कि लड़कियां कौशल पाठयक्रम के लिए प्रेरित हों, उसमें एडमिशन लें और उसे पूरा करें। इस प्रोजेक्ट के तहत लड़कियों का कौशल प्रशिक्षण पूरा होने के बाद एक समर्पित टीम उनके जॉब प्लेसमेंट का भी काम करती है।




# हमसे क्यों जुड़ें ?

## कॉर्पोरेट्स, प्राइवेट फर्म्स और अन्य नियोक्ताओं के लिए

इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लड़कियों की आकांक्षाएं और औद्योगिक मांग दोनों एक दूसरे के अनुरूप हों। हम लड़कियों को उचित परामर्श देकर यह समझने में मदद करते हैं कि किस तरह से आपकी कंपनी में बने रहकर वे तरक्की कर सकती है और अपनी आकांक्षाएं पूरी कर सकती हैं। हम आपकी संस्था की नियुक्ति संबंधी ज़रूरतों को समझकर प्रशिक्षित टैलेंट आप तक पहुंचाते हैं।

## कौशल विकास केंद्रों के लिए

मंज़िल की टीम उन लड़कियों, जिनकी शिक्षा अधूरी है और जो सामाजिक रूप से पिछड़े समुदाय से आती हैं, उन्हें कौशल प्रशिक्षण का महत्व समझाकर इससे जुड़ने को प्रेरित करती है। मंज़िल की टीम हर लड़की को परामर्श देकर उसे विभिन्न कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी देती है। यह परियोजना सभी नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क ( NSQF ) कोर्सेस जैसे कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना ( DDUGKY ), प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ( PMKVY ), रेगुलर स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम ( RSTP ), एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम ( ELSTP ) और निजी संस्थाओं / सीएसआर के तहत चलने वाले कार्यक्रमों में दाखिला लेने में मदद करता है।



## IPE Global के बारे में जानकारी

IPE Global एक इंटरनेशनल डेवलपमेंट सल्यूशन प्रोवाइडर (अंतराष्ट्रीय विकास समाधान प्रदाता) है। हम समान और सतत विकास के लिए ज़रूरी विशेषज्ञ तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाते हैं। हमारा ग्रुप स्वास्थ्य, पोषण और WASH, शहरी और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, शिक्षा और कौशल विकास, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण, निगरानी और मूल्यांकन, आईटी और ई–गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में निपुणता रखता है। पिछले 20 सालों में हमने 100 से ज्यादा देशों में 950 प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

IPE GLOBAL Expanding Horizons. Enriching Lives. | AVALON Information Systems Private Limited | Smile FOUNDATION | RSLDC | RCSE | CIFF CHILDREN'S INVESTMENT FUND FOUNDATION

**हमें संपर्क करें**
*Head Office:* IPE Global House, B - 84, Defence Colony, New Delhi - 110 024 | Ph: +91 11 40755900
*Jaipur Office:* IPE Global Limited, 10, 3rd Floor, Signature Tower, Lal Kothi, Tonk Road, Jaipur, Rajasthan -15 | Ph: 8233700233
*Udaipur Office:* IPE Global Limited, 1st Floor, Nahar Niwas, Pratap Marg 8, Lake Swaroop Sagar, Girwa, Udaipur, Raj - 01
*Email:* ipemanzil@gmail.com | *Website:* www.ipeglobal.com

Follow us on : @ProjectManzil project_manzil @ManzilProject